# कार्यालय नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा, जयपुर

E-mail- civildefencejaipur@gmail.com

क्रमांकः–ना.सु.जय. / स्टोर / 2021 / 1075-80                                   दिनांकः– 19/4/2021

संयुक्त शासन सचिव
आपदा प्रबंधन सहायता एवं
नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार,
शासन सचिवालय, जयपुर

विषय :– वित्तीय वर्ष 2020–21 में क्रय किये गये फॉयर सूटो के भुगतान हेतु आंवटित बजट को वित्तीय़ वर्ष 2021–22 के लिए रू. 4.32 लाख का बजट रि–वेलिड किये जाने बाबत्।

संदर्भ :– इस कार्यालय के क्रयादेश क्रमाक 596–602 दिनांक 08.03.2021 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि नागरिक सुरक्षा, जयपुर कार्यालय में 07 फॉयर सूट मय समस्त उपकरण सहित क्रय हेतु आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, शासन सचिवालय जयपुर के पत्र क्रमाक 16107–13 दिनांक 24.12.2021 द्वारा राशि रूपयें 1.50 प्रति फॉयर सूट की दर से कुल राशि रू 10.50 लाख का बजट आवंटन किया गया था। बजट आवटन के पश्चात् इस कार्यालय द्वारा उक्त कार्य हेतु ई बिड / निविदा जारी कर दिनांक 08.03.2021 को फर्म मै0 M/S Sure Safety (India) Ltd,Plot No.42 A/B Yogi Nagar Township,B/S, Zenth tins Nh.8.Chhani,Vadodara, Gujarat 391740 का रूपये 4,27,837 / – का क्रयादेश जारी कर दिया गया था एवं फर्म ने दिनांक 22.03.2021 को 07 फॉयर सूट मय उपकरण सहित की आपूर्ति कर बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रेषित कर दिये गये थे। किन्तु फर्म द्वारा अन्य आवश्यक औपरिकताएं समय पर पूर्ण न करने के कारण पिछले वित्तीय वर्ष 2020–21 में इस बिल का भुगतान नहीं हो सका था। अब इस वित्तीय वर्ष 2021–22 में फर्म द्वारा फॉयर सूटों के प्रस्तुत बिल का भुगतान किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि फर्म से प्राप्त बिलो का भुगतान किए जाने एवं अन्य व्यय समाचार प्रकाशन आदि के बिलों हेतु शीध्र ही रूपयें 4,32,000 / – का बजट मद 2245–01–800–03–04–18 में शीघ्र पुनः आवंटन / रि–वेलिड किए जाने का श्रम करें।

उप नियंत्रक
नागरिक सुरक्षा,जयपुर

**प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. उप निदेशक, निदेशालय नागरिक सुरक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. वित्तीय सलाहकार, आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
3. लेखाधिकारी, निदेशालय नागरिक सुरक्षा, राजस्थान जयपुर।
4. सहायक लेखाधिकारी प्रथम एवं आहरण वितरण अधिकारी, नागरिक सुरक्षा, जयपुर।
5. प्रभारी, अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा, जयपुर ।

उप नियंत्रक
नागरिक सुरक्षा,जयपुर

# कार्यालय नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा, जयपुर

E-mail- civildefencejaipur@gmail.com

क्रमांकः–ना.सु.जय./स्टोर/ 2021/1347-52 दिनांकः– 26.5.2021

संयुक्त शासन सचिव
आपदा प्रबन्धन सहायता एवं
नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान सरकार,
शासन सचिवालय,जयपुर।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2020–21 मे क्रय किये गये खोज एवं बचाव उकरणो के भुगतान हेतु आवंटित बजट को वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए रू 11.00 लाख का बजट रि–वेलिड किये जाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि नागरिक सुरक्षा, जयपुर कार्यालय में खोज एवं बचाव उपकरण क्रय हेतु आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, शासन सचिवालय जयपुर के पत्रांक 9433 दिनांक 03.07.2020 द्वारा राशि रूपयें 29.02 लाख का बजट अवंटन किया गया था। बजट आवंटन के पश्चात् इस कार्यालय द्वारा उक्त कार्य हेतु ई –बिड/निविदा जारी कर दो फर्मो को कुल रू 2269083/– के कर्यादेश जारी किये गये थे किन्तु इनमें से एक फर्म मै0 चित्तौड़ इंक द्वारा उपापन नियमों की अवहेलना करते हुए इस कार्यालय को खोज एवं बचाव उपकरणो की आपूर्ति नही की गई थी। इस सम्बन्ध में इस कार्यालय द्वारा फर्म के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही करते हुए फर्म को 03 वर्षो की कालावधि के लिए विंवजित (DBAR) किया गया है। (प्रति सलंग्न) इस फर्म द्वारा क्रय किए जाने वाले खोज एवं बचाव उपकरणो हेतु पुनः क्रय प्रकिया अपनाए जाने हेतु आपको पृथंक से प्रकरण प्रेषित किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त अन्य फर्म M/S. Vinayaka Enterprises. B-26 Meera Market, Chittorgarh 312001- Rajasthan को खोज एवं बचाव उपकरणों के क्रय हेतु दिनांक 19.03.2021 को रूपयें 10,90,270/– का क्रयादेश जारी किया गया था एवं फर्म ने दिनांक 30.03.2021 को 04 आईटमो में से 03 आईटमों की आपूर्ति इस कार्यालय को कर दी थी किन्तु एक आईटम रेस्कयू बोट विथ इजंन बाहर से मंगवाये जाने के कारण उसकी आपूर्ति दिनांक 12.04.2021 को इस कार्यालय को कर दी गई है एवं भुगतान हेतु कुल बिल रू 10,90,270/– का प्रस्तुत किये गये है। इस फर्म को एक आईटम रेस्क्यू बोट की आपूर्ति अवधि 15.04.2021 तक नियमानुसार बढाई जाकर परिनिर्धारित क्षति (एल.डी.) 10 प्रतिशत कटौती कर बिल का भुगतान किया जाना है ।

चूंकि फर्म द्वारा वित्तीय वर्ष के अन्त तक सभी खोज एवं बचाव उपकरणो की आपूर्ति नही की गई थी एवं बिल विलम्ब से प्रस्तुत किये गये थे इसलिए फर्म को वित्तीय वर्ष 2020–21 मे भुगतान नही किया जा सका था। फर्म द्वारा अब क्रयादेशनुसार सामानो की आपूर्ति किए जाने पर इस वित्तीय वर्ष में इन बिलो का भुगतान किया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि फर्म से प्राप्त बिलो का भुगतान किए जाने एवं अन्य व्यय यथा समाचार प्रकाशन आदि के बिलो के भुगतान हेतु रूपये 11.00 लाख का बजट मद 2245–01–800–03–04–18 मे शीघ्र पुनः आवटन/रि–वेलिड किए जाने का श्रम करें। ताकि फर्म के लम्बित बिलो का भुगतान किया जा सके।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

उप नियंत्रक
नागरिक सुरक्षा,जयपुर

प्रतिलिपी :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. उप निदेशक, निदेशालय नागरिक सुरक्षा, राजस्थान, जयपुर।
02. वित्तीय सलाहकार,आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, राजस्थान,जयपुर।
03. लेखाधिकारी, निदेशालय नागरिक सुरक्षा, जयपुर।
04. सहायक लेखाधिकारी प्रथम एवं आहरण वितरण अधिकारी, नागरिक सुरक्षा,जयपुर।
05. प्रभारी अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा, जयपुर।

उप नियंत्रक
नागरिक सुरक्षा,जयपुर

# कार्यालय नियंत्रक (जिला कलक्टर) नागरिक सुरक्षा, जयपुर

E-mail- civildefencejaipur@gmail.com

क्रमांकः–ना.सु.जय./स्टोर/ 2021/1446 दिनांकः– 3.6.2021

**उपयोगिता प्रमाण पत्र**

खोज एवं बचाव उपकरण एवं फॉयर सूट क्रय हेतु एस.डी.आर.एफ मद से इस जिले/विभाग द्वारा निम्नानुसार राशियों की स्वीकृतियां जारी की गई :–

(राशि लाखों में)

| क्र. स. | विभाग/ऐजेन्सी का नाम | बजट मद वित्तीय वर्ष 2020–21 | सहायता विभाग द्वारा आंवटित राशि | जिला कलक्टर द्वारा स्वीकृत राशि | व्यय राशि | बचत/समर्पित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | जिला कलक्टर,जयपुर | 2245–01–800–03–04 18 उपमद मशीनरी और साज–सामान/आजौर एवं सयंत्र | 10.50 | 10.50 | NIL | 10.50 |
| 02. | जिला कलक्टर,जयपुर | | 29.02 | 29.02 | NIL | 29.02 |
| | | | 39.52 | 39.52 | NIL | 39.52 |

यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त मदों मे आवंटित राशि का उपयोग वित्तीय वर्ष 2020–21 मे नही किया गया है। अतः राशि क्रमशः 10.50 लाख एवं 29.02 लाख मात्र समर्पित किये गये है।

भवदीय

उप नियंत्रक
नागरिक सुरक्षा,जयपुर

संयुक्त शासन सचिव
आपदा प्रबन्धन सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर